an>

Title: Need to complete work of construction of canal from Madhya Pradesh to Mirzapur under Ban Sagar Yojana.

श्री श्यामा चरण गुप्त (इलाहाबाद) : माननीय अध्यक्ष जी, बाढ़ सागर योजना में मध्य प्रदेश से इलाहाबाद और मिर्जापुर जिले को पानी की आपूर्ति नहर द्वारा करने की योजना थी। इस योजना की शुरूआत भी हुई किन्तु यह अभी अधूरी पड़ी हुई है जबकि इस योजना को शुरू हुए छह-सात वर्ष हो गए हैं लेकिन अभी तक यह पूरी नहीं हुई है। यदि इसे पूरा करा दिया जाए तो इलाहाबद जनपद के कोरांव, बरोसर, नारीबाड़ी, मेजा और मांडा आदि के बड़े क्षेत्रों में सिंचाई के लिए पानी मिल सकता है, जो सूखा से लड़ने के लिए अत्यंत आवश्यक है। इलाहाबद जनपद में पहाड़ी क्षेत्र भी है और ट्यूबवेल भी सफल है। वैकल्पिक व्यवस्था के लिए सरकार से निवेदन है कि कम से कम पांच सौ ट्यूबवेलों की स्वीकृति इस क्षेत्र के लिए प्रदान की जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री श्यामा चरण गुप्त द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

मेरे पास जीरो ऑवर के लिए बहुत सारे नाम हैं लेकिन आप सभी को निवेदन है कि एक-एक मिनट से ज्यादा नहीं बोलना है अगर कोई ज्यादा बोलता है तो दूसरे के प्रति गुनाहगार साबित होगा।